उन्नाव पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 08.09.2023
थाना अजगैन ,जनपद उन्नाव।

20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय हसनगंज के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अजगैन पुलिस एवं आबकारी टीम द्वारा 20 लीटर अवैध शराब के साथ दो अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- आज दिनांक 08.09.2023 को उ0नि0 श्री रविशंकर मिश्रा मय हमराह पुलिस बल द्वारा दो अभियुक्त 1. समोद कुमार लोध पुत्र किशनलाल निवासी मोहल्ला सीतलगंज नवाबगंज थाना अजगैन उन्नाव उम्र 32 वर्ष। 2. संजय कुमार पुत्र रघुपाल निवासी सीतलगंज नवाबगंज थाना अजगैन जनपद उन्नाव उम्र 36 वर्ष को 10-10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना अजगैन पर मु0अ0स0 236/2023 धारा 60 EX ACT बनाम समोद कुमार व संजय कुमार उपरोक्त पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –

1. समोद कुमार लोध पुत्र किशनलाल निवासी मोहल्ला सीतलगंज नवाबगंज थाना अजगैन उन्नाव उम्र 32 वर्ष।
2. संजय कुमार पुत्र रघुपाल निवासी सीतलगंज नवाबगंज थाना अजगैन जनपद उन्नाव उम्र 36 वर्ष।

बरामदगी: दो प्लास्टिक की पिपिया में करीब 10-10 ली0 अवैध कच्ची शराब।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 श्री रविशंकर मिश्रा
2.उ0नि0 श्री अनिल कुमार पाण्डेय
3.का0 शिवम् यादव
4.का0 सूर्य प्रकाश

आबकारी टीम

1. निरी0 श्री कुमार गौरव सिंह
2. आरक्षी रोहित नन्दन

उन्नाव पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 08.09.2023
थाना बीघापुर ,जनपद उन्नाव।

- **महिला की हत्या के वांछित अभियुक्त व अभियुक्ता गिरफ्तार।**
- **हत्या कर शव को बक्से में बन्द कर फेंका था लोन नदी में।**
- **उधार के पैसे ना लौटाने के उदेश्य से की थी महिला की हत्या।**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदया बीघापुर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बीघापुर पुलिस द्वारा महिला की हत्या के वांछित अभियुक्त व अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- दिनांक 02.09.23 को गांव जाजनपुर के पास लोन नदी में एक सफेद रंग की टिन की चादर का बडा बक्सा में चादर में लिपटी हुआ एक अज्ञात महिला उम्र करीब 35 वर्ष का शव मिला था। जिसकी शिनाख्त रेखा पुत्री रामकिशोर उम्र करीब 35 बर्ष निवासी ग्राम पाटन थाना बिहार के रुप में हुई थी। मृतका के भाई प्रमोद कुमार पुत्र रामकिशोर निवासी उपरोक्त से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 162/23 धारा 302/201 IPC बनाम 1. मोनू मिश्रा पुत्र नामालूम निवासी ग्राम AB नगर उन्नाव 2. नीतू पुत्री नामालूम निवासी गोसाईखेड़ा थाना व जिला अज्ञात 3. अन्य लोग नाम पता अज्ञात के पंजीकृत किया गया था। आज दिनांक 08.09.2023 को थानाध्यक्ष अखिलेश तिवारी मय हमराह फोर्स द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त 1. मोनू मिश्रा उर्फ प्रभात पुत्र मिथिलेश कुमार मिश्रा नि0 कटहर थाना पुरवा जनपद उन्नाव हालपता 1159 AB नगर थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव उम्र करीब 40 वर्ष व प्रकाश मे आयी 2. वन्दना उर्फ रूबी पत्नी प्रभात मिश्रा उर्फ मोनू मिश्रा निवासी गण ग्राम कटहर थाना पुरवा जनपद उन्नाव हाल पता 1159 AB नगर कालेज रोड़ थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव उम्र करीब 35 वर्ष को टिकरिया मोड़ पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त मोनू मिश्रा उपरोक्त व अभियुक्ता वन्दना उपरोक्त ने पूछताछ मे बताया कि मैने प्लाट दिलाने के लिए मृतका रेखा से वर्ष 2016-17 मे 03 लाख 20 हजार रुपये लिया था जो मुझसे खर्च हो गये थे, जिसे वह बार बार मांग रही थी, इसी बात से परेशान होकर मोनू मिश्रा ने अपने साथी बचोले को रेखा को मारने के लिए करीब 45000 रुपये दिये थे, उसके पश्चात मोनू मिश्रा व बचोले ने रेखा को सुनियोजित तरीके से प्लान बनाकर रेखा को दिनांक 30.8.23 को पैसे देने के लिए अपने घर उन्नाव बुलाया उसकी गर्दन मे गमछा डालकर कस दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। तत्पश्चात मोनू मिश्रा, बचोले, वन्दना उर्फ रूबी, नितिन व एक अन्य व्यक्ति ने रेखा के शव को दिनांक 01.9.23 को रात्रि लगभग 11 बजे चादर व पन्नी मे लपेटकर बक्शे मे भरकर लोडर मे लादकर ले जाकर लोन नदी मे फेंक दिया था। घटना मे प्रयुक्त लोडर नंबर UP 35 AT 6017 व मोटर साईकिल पैशन प्रो नं0 UP 35 W 9572 को बीघापुर पुलिस द्वारा कब्जे में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। शेष वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –

1. मोनू मिश्रा उर्फ प्रभात पुत्र मिथिलेश कुमार मिश्रा नि0 कटहर थाना पुरवा जनपद उन्नाव हालपता 1159 AB नगर थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव उम्र करीब 40 वर्ष।
2. वन्दना उर्फ रूबी पत्नी प्रभात मिश्रा उर्फ मोनू मिश्रा निवासी गण ग्राम कटहर थाना पुरवा जनपद उन्नाव हाल पता 1159 AB नगर कालेज रोड़ थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव उम्र करीब 35 वर्ष।

बरामदगी: घटना मे प्रयुक्त लोडर नंबर UP 35 AT 6017 व मोटर साईकिल पैशन प्रो नं0 UP 35 W 9572

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष श्री अखिलेश कुमार तिवारी थाना बीघापुर जनपद उन्नाव
2. उ0नि0 श्री प्रेमनारायन सरोज प्रभारी चौकी लालकुंआ थाना बीघापुर जनपद उन्नाव
3. उ0नि0 श्री हसमत अली थाना बीघापुर जनपद उन्नाव
4. का0 हरेन्द्र सिंह थाना बीघापुर उन्नाव
5. का0 विकास कुमार थाना बीघापुर उन्नाव
6. म0का0 आंचल थाना बीघापुर जनपद उन्नाव